हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 19 जून 2026

तापमान
अधिकतम 41.3 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

12 डेहा बस्ती में पुलिस का बड़ा सर्च ऑपरेशन, नशा तस्करों में मचा हड़कंप



12 योग से लोगों को मानसिक शांति एवं आत्मिक ऊर्जा का होता अनुभव: शैली



## खबर संक्षेप

### केयू प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 22 एवं 23 जून 2026 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### रूस में नौकरी का झांसा देकर 3.05 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** विदेश में नौकरी और मोटी सैलरी का सपना दिखाकर ठगी करने का मामला सामने आया है। थाना सदर जगाधरी पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, इमिग्रेशन एक्ट और धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि युवक को रूस भेजने और वहां नौकरी दिलाने के नाम पर 3.05 लाख रुपये हड़प लिए गए। जानकारी के अनुसार गांव खेड़ा फार्म निवासी लालचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव नगला जगीर निवासी जय किशन ने उनके बेटे को रूस में फूड पैकिंग कंपनी में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था।

### विदेश भेजने का झांसा देकर 18.50 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** विदेश भेजने का सपना दिखाकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। थाना जगाधरी सदर पुलिस ने गांव महलावाली निवासी राजिंद्र कुमार की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि दोनों ने भतीजे समेत चार लोगों को विदेश भेजने का झांसा देकर कुल 18 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए और बाद में फर्जी वीजा थमा दिया।
पुलिस को दी शिकायत में राजिंद्र कुमार ने बताया कि वह गांव महलावाली के रहने वाले हैं और गांव में टेंट हाउस का काम करते हैं।

### नशीली गोलियों के साथ तस्कर काबू

**अंबाला।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 'ऑपरेशन मैदान' अभियान के तहत एक शातिर तस्कर को भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सूचना की के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए हाथीखाना मंदिर एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 200 नशीली गोलियां और 700 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मदन लाल उर्फ मंडी के तौर पर हुई जोकि पंजाब के गांव बर्धवान जिला होशियारपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया।

# करनाल में 8 सेंटरों पर होगा नीट: 2708 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम


## प्रशासन ने तैयारियां पूरी की, डेढ़ बजे तक होगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नीट-2026 परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। 21 जून को होने वाली इस परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा, ट्रैफिक और अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर परेशानी न हो।

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय और बिजली की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए रैंप और व्हील चेयर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।



### सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान

डीसी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के बाहर सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था और पार्किंग की सुविधा सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा के लिहाज से प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर एक सहायक उप निरीक्षक और 4 कांस्टेबल तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर और अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

### दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे तक होगी परीक्षा

डीसी ने बताया कि नीट (यूजी) परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक ऑफलाइन माध्यम से आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा, इसके बाद प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

### बायोमेट्रिक जांच व अलग अलग काउंटर की व्यवस्था

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन व्यवस्था को दोगुना किया गया है। पुरुष और महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग-अलग जांच काउंटर बनाए गए हैं। प्रत्येक 100 परीक्षार्थियों पर एक सुरक्षा जांच काउंटर और 48 परीक्षार्थियों पर एक बायोमेट्रिक उपकरण लगाया जाएगा। जैमर को परीक्षा के दिन दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से सक्रिय किया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

### जिला परिषद अमित को किया नोडल अधिकारी नियुक्त

जिले में इस बार 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2708 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सीईओ जिला परिषद अमित कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही लघु सचिवालय के सभागार में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

### बाहरी परीक्षार्थियों व अभिभावकों के लिए ठहरने की व्यवस्था

डीसी ने बताया कि परीक्षा देने आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए अंबेडकर भवन सेक्टर-12, रोड़ धर्मशाला, जाट भवन सेक्टर-12, ब्राह्मण धर्मशाला कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सामने, वाल्मीकि धर्मशाला सेक्टर-8/9 करनाल और कम्बोज धर्मशाला रेलवे रोड में ठहरने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा के दौरान अभिभावक इन स्थानों पर आराम कर सकेंगे।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक करनाल नरेंद्र बिजारणिया, सीईओ जिला परिषद एवं नोडल अधिकारी अमित कुमार, सभी केंद्रों के ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सेंटर सुपरवाइजर, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश, जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह, रेडक्रॉस सचिव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री ढांडा बोले- देश को धर्मशाला नहीं बनने देंगे

# एसआईआर अभियान से फर्जी वोट हटेंगे योग्य मतदाताओं को मिलेगा अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने चुनाव आयोग और सरकार की एक बेहद महत्वपूर्ण मुहिम एसआईआर (एसआईआर - मतदाता सूची का पुनरीक्षण) को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक ली। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शिक्षा मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाना है। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गलत तरीके से वोट बनवाकर सत्ता हथियाने वालों का दौर अब समाप्त हो चुका है।

### क्या है एसआईआर अभियान? 18 से ऊपर के बनेंगे वोट

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि बुधवार से एसआईआर का काम धरातल पर शुरू हो गया है। इस प्रक्रिया के तहत दो मुख्य बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। पहला, जिन युवाओं की उम्र 18 साल या उससे अधिक हो चुकी है और अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनका वोट प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाएगा। वहीं दूसरा, जो बुजुर्ग 80 साल से ऊपर की उम्र के हैं या जिनकी मृत्यु हो चुकी है और उनके नाम अभी भी सूची में हैं, उन्हें वोटर लिस्ट से सम्मानपूर्वक हटाया जाएगा।



पानीपत। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

### घुसपैठियों और फर्जी वोटरों पर गिरेगी गाज

शिक्षा मंत्री ने अवैध प्रवासियों और घुसपैठियों को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि जो घुसपैठिए बांग्लादेशी या अन्य बाहरी जगहों से संबंध रखते हैं और उन्होंने गलत तरीके से फर्जी वोट बनवा लिए हैं, एसआईआर के माध्यम से उन सभी के वोटों का पूर्ण निरीक्षण (वेरिफिकेशन) किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और अन्य पार्टियों के लोग भी इस पारदर्शी प्रक्रिया में जुट गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का सीधा टारगेट यही है कि जो योग्य मतदाता हैं, उनका वोट सुरक्षित रहे और जो अयोग्य या फर्जी मतदाता हैं, उनका नाम तुरंत काटा जाए। देश के कई राज्यों में ऐसे लोग मिले हैं जिन्होंने फर्जी दस्तावेज लगाकर वोट बनवाए थे, इस अभियान के तहत उनके वोट काटे जा रहे हैं।

### देश को धर्मशाला नहीं बनने देंगे

विपक्ष द्वारा इस प्रक्रिया पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि विपक्ष इस जनहित के कार्य को लेकर बिना वजह का मुद्दा बना रहा है। आज तक चुनाव आयोग के पास ऐसा एक भी व्यक्ति नहीं आया, जिसका वोट गलत तरीके से काटा गया हो। वास्तव में विरोध केवल वही लोग कर रहे हैं, जो पहले गलत और फर्जी वोटों के जरिए सत्ता प्राप्त करते थे और फिर लूट मचाते थे। शिक्षा मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि हम इस देश को धर्मशाला नहीं बनने देंगे। एसआईआर के जरिए सिर्फ इतना सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी असली और योग्य नागरिक का वोट न कटे और किसी विदेशी या घुसपैठिए का वोट सूची में न रहे।

# तेज रफ्तार वाहन ने भैंसों के झुंड को रौंदा, चार की मौत, छह घायल

- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली क्षेत्र के गांव ताहरपुर के पास ताहरपुर-इब्राहिमपुर रोड पर देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पर पहुंचे भैंसों के झुंड को टक्कर मार दी। हादसे में चार भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। पशुपालक को करीब आठ लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

जानकारी के अनुसार गांव ताहरपुर निवासी मोहम्मद हसन की भैंसें रात के समय तबेले से निकलकर सड़क पर पहुंच गई थीं। इसी दौरान किसी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सुबह जब मोहम्मद हसन तबेले में पहुंचे तो पशु वहां नहीं मिले। तलाश के दौरान जब वह ताहरपुर-इब्राहिमपुर रोड पर पहुंचे तो भैंसें खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे पड़ी मिलीं। घटना की सूचना मिलते ही छछरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मोहम्मद हसन ने बताया कि मृत और घायल सभी पशु उनके थे। उन्होंने बताया कि एक भैंस की कीमत एक लाख रुपये से अधिक है। हादसे में मृत और घायल पशुओं में तीन गर्भवती भैंसें भी शामिल हैं, जिससे उनका नुकसान और बढ़ गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि ताहरपुर-इब्राहिमपुर रोड पर ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

उधर, जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गांधी नगर में गोली चलाने के मामले में एक और गिरफ्तार

- अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को किया था काबू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने रविवार सुबह गांधी नगर के पास दो युवकों पर गोली चलाने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग दर्शन में गोली चलाने के मामले में शामिल आरोपी भूषण मेहता वासी मसीता हाउस थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रविवार सुबह करीब 3 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि गांधी नगर के पास कार सवार युवक ने दो युवकों पर गोली चलाई है। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा सीन आफ क्राईम को मौका बुलाकर छानबीन की गई। घायल युवक अमन वासी कीर्ति नगर व प्रिंस वासी गांधी नगर को सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। मौका से पुलिस को 5 खाली खोल और घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्कोर्पियो गाड़ी बरामद हुई थी। पुलिस ने घायल प्रिंस वासी गांधी नगर की शिकायत पर राहुल वासी बारना, टोनी वासी कुरुक्षेत्र व 3 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपकर आरोपियों को गिरफतार करने के आदेश दिए थे। दिनांक 16 जून देर रात को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नैशनल हाइवे-44 पर रतनगढ़ के पास निमार्णाधीन जाट भवन के पास से दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद काबू किया था। आरोपियों की पहचान टोनी वासी गांधी नगर व कपिल वासी छोटा बाजार थानेसर के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# प्रपोजल ठुकराने पर विवाहिता का घर फूंका

**कुरुक्षेत्र।** पिपली में एक विवाहिता को परेशान करने वाले सनकी पड़ोसी ने उसके घर में आग लगा दी। आगजनी के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी काफी समय से महिला पर उसके साथ रहने और संबंध बनाने का दबाव डाल रहा है। महिला ने उसका प्रपोजल ठुकराया तो आरोपी रात को उसके घर में आग लगा दी। इससे पहले आरोपी ने दिन में महिला के साथ मारपीट भी की। आग से महिला के घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पड़ोसियों ने परिवार को घर से बाहर निकाला। साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। परिवार ने दावा किया कि अगर समय रहते पड़ोसी उनको बाहर नहीं निकालते, तो वे घर के अंदर ही जलकर राख हो जाता। महिला ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला संजय काफी समय से उसके पीछे पड़ा हुआ था। वह उसे जबरन अपने साथ रखने और संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। महिला और उसके परिवार ने कई बार इसका विरोध किया। आरोप लगाया इस संबंध में पुलिस को भी शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद पुलिस को शिकायत दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसके परिवार ने आरोपी को कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परिवार ने आरोपी के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।



# रंगदारी से बढ़े अपराधियों के हौसले

- कार लूट मामला : लूट से पहले विशाल और निखिल ने कॉस्ट्यूम डिजाइनर से 2 लाख रुपए वसूली थी रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

### अब तक 7 आरोपी गिरफ्तार

जांच के दौरान पुलिस ने निखिल उर्फ नकुल, अभिषेक, अजय, जसकरण, कमलजीत सिंह, रोहित कुमार और लविश समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार सुबह सीआईए-2 के साथ मुठभेड़ में विशाल की टांग में गोली लगी, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि लविश को गिरफ्तार कर लिया गया।

पिहोवा में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर अरुणाय गांव के कट के पास हुई कार लूटकांड से पहले विशाल और निखिल ने कॉस्ट्यूम डिजाइनर से 2 लाख रुपए रंगदारी वसूली थी। उन्होंने जिला कैथल के ढांड के रहने वाले कॉस्ट्यूम डिजाइनर को लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर 20 लाख की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। डर के कारण कारोबारी ने आरोपियों से 2 लाख रुपए में समझौता कर लिया। तय योजना के तहत उसने ढांड बस स्टैंड के पीछे 2 लाख रुपए छिपाकर रख दिए। वहां से ढांड के ही एक युवक ने रकम उठाई और विशाल व निखिल को ट्रांसफर कर दी। रंगदारी की यह रकम मिलने के बाद दोनों के हौसले बढ़ गए। उन्होंने जर्मनी से बड़े अपराधों की तैयारी शुरू कर दी और अपनी गैंग बनाना शुरू कर दिया। लेकिन निखिल करीब एक माह पहले जर्मनी से डिपोर्ट होकर भारत आया था, जबकि विशाल 6 जून को वापस लौटा। इससे पहले दोनों जर्मनी में ही अपना गैंग तैयार कर चुके थे। सीआईए-2 के इंचार्ज मनदीप सिंह ने बताया कि भारत लौटने के बाद दोनों अमेरिका में रह रहे करनाल के एक पुराने शराब कारोबारी के संपर्क में आए। उसी कारोबारी ने उन्हें करनाल के एक शराब कारोबारी और मोहाली के एक कपड़ा कारोबारी की हत्या करने के लिए उकसाया था। शराब कारोबारी की हत्या के लिए उनको पैसा मिलने वाला था। मोहाली के कारोबारी के बारे में उनको सूचना मिली कि कपड़ा कारोबारी घर लौटते वक्त दिनभर का सारा कैश अपने साथ लेकर जाता है। वे डरा-धमका या फिर हत्या करके पैसा लूट सकते हैं। इसके लिए शराब कारोबारी ने उनको कार लूटने और पिस्टल का इंतजाम करने की सलाह दी। इंचार्ज मनदीप सिंह ने बताया कि विशाल और निखिल ने केवल कार लूट के लिए नहीं बल्कि रंगदारी, लूट और हत्या जैसी वारदातों को अंजाम देने के लिए गैंग बनाया था। वे शॉर्टकट तरीके से पैसा कमाना चाहते थे।

## नशीला पदार्थ सप्लाई करने का मुख्य आरोपी नाइजीरियन गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने ऑपरेशन मैदान-2 के तहत नशीला पदार्थ सप्लाई करने के मुख्य आरोपी नाइजीरियन को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने ऑपरेशन मैदान-2 के तहत नशीला पदार्थ सप्लाई करने के मुख्य आरोपी नाइजीरियन चिनेडू वासी मोहन गार्डन नई दिल्ली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुखवीर सिंह, मुख्य सिपाही नवीन कुमार, विक्रम सिंह, सिपाही सचिन कुमार गाड़ी चालक मुख्य सिपाही सुनील कुमार की टीम ने सूचना के आधार पर सरदीप सिंह उर्फ बब्बू को गांव सामने से काबू किया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की कार तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 31.67 ग्राम हैरोईन/चिट्टा, शराब व नकदी बरामद हुई थी।

## 38 डीपीसी और कॉलोनियों की आंतरिक सड़कें भी तोड़ी

# 28 एकड़ की पांच अवैध कॉलोनियां की ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिले के समालखा में जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) की टीम ने वीरवार को अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। इस कार्रवाई में लगभग 28 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही 5 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया।

अभियान के दौरान, 2 अवैध निर्माण, लगभग 38 डीपीसी (डैम्प प्रूफ कोर्स) और कॉलोनियों में बनाए गए आंतरिक सड़क और ब्लॉक टाइल्स नेटवर्क को भी ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई राजस्व एस्टेट भापरा, पावटी, जौरासी सराफ और महावटी में की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया था।



### अधिकारी बोले- जारी रहेगा अभियान

जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्लॉट या संपत्ति की खरीद से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें और अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकतीं। विभाग ने बताया कि अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का किया जोरदार स्वागत

**नीलोखेड़ी/तरावड़ी।** जिला करनाल कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ. राजेश वैद वाल्मीकि ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूत संगठन के दम पर बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का काम करेंगे। बुधवार को नीलोखेड़ी स्थित जिला कार्यालय में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का ढोल-नगाड़ों एवं फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर इंद्री से शिवराम कम्बोज, करनाल एमसी-1 से परमजीत पप्पू लाठर, घरौंडा अर्बन से रॉबिन माइकल तथा मूनक से विनोद वाल्मीकि का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। डॉ. राजेश वैद वाल्मीकि ने सभी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अध्यक्ष कांग्रेस की नीतियों, विचारधारा और जनहितकारी कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाएंगे तथा संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक और अधिक मजबूत बनाएंगे।

### इग्नू ने शुरू किया एमएससी क्लाइमेट चेंज कोर्स

करनाल।। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दे पर बड़ा कदम उठाते हुए मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी) क्लाइमेट चेंज कार्यक्रम शुरू किया है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि इस पाठ्यक्रम के साथ इग्नू देश की पहली ओपन यूनिवर्सिटी बन गई है जिसने क्लाइमेट चेंज विषय में एमएससी कार्यक्रम आरंभ किया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि पाठ्यक्रम में क्लाइमेट साइंस, क्लाइमेट रिस्क, अनुकूलन एवं शमन रणनीतियां, पर्यावरणीय शासन, सतत विकास, जल संसाधन प्रबंधन, ऊर्जा प्रणालियां, कृषि, जैव विविधता संरक्षण, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, स्वास्थ्य, पर्यावरण कानून तथा क्लाइमेट असेसमेंट टूल्स जैसे विषय शामिल किए गए हैं।

# अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, तरावड़ी में बड़ी कार्रवाई

- 3.5 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी की सड़कें ध्वस्त
- लोगों से वैध परियोजनाओं में ही निवेश की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ अभियान तेज करते हुए गुरुवार को नीलोखेड़ी और तरावड़ी क्षेत्र में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिस बल और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई के दौरान एक अवैध ढाबे तथा एक अवैध कॉलोनी को निशाना बनाया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार गांव समाना बाहु, तहसील नीलोखेड़ी में एक अवैध ढाबे को हटाया गया। वहीं तरावड़ी में नई अनाज मंडी के निकट करीब साढ़े तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए वहां बनाई गई कच्ची सड़कों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों और बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्यों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ऐसे मामलों में नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने सहित अन्य कानूनी कदम भी उठाए जा रहे हैं। विभाग की ओर से समय-समय पर चेतावनी जारी कर लोगों को अवैध निर्माण से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। डीटीपी विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी किसी प्रकार की अवैध कॉलोनी विकसित करने या अनधिकृत निर्माण को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभागीय टीमों को ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्लॉट खरीदने से पहले करें जांच**

विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रॉपर्टी डीलर के झांसे में न आएं और प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जांच अवश्य करें। केवल उन्हीं परियोजनाओं में निवेश करें जिन्हें टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा से स्वीकृति प्राप्त हो। इससे भविष्य में कानूनी और आर्थिक परेशानियों से बचा जा सकता है।



करनाल। तरावड़ी और नीलोखेड़ी क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करती डीटीपी विभाग की टीम।

# तरावड़ी को विधायक ने दी 1.23 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## वार्ड 8 में सड़कों का निर्माण व जल निकासी व्यवस्था होगी दुरुस्त

तरावड़ी का समग्र सरकारी की पहली प्राथमिकता में शामिल, धन की कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी

शहर के विकास को नई गति देते हुए विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने तरावड़ी में करीब 1 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। विधायक ने जिन प्रमुख कार्यों का शिलान्यास किया, उनमें बूढ़ी माता मंदिर का नव निर्माण, वार्ड नंबर 8 में सड़कों का निर्माण तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण शामिल है। मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार के साथ-साथ वहां आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वहीं वार्ड नंबर 8 की लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़कों को पक्का किया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में राहत मिलेगी। इसके साथ ही जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नई जल निकासी व्यवस्था तैयार की जाएगी। इस मौके पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि तरावड़ी का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के विकास से जहां लोगों की आस्था मजबूत होती है, वहीं बुनियादी सुविधाओं के सुधार से आमजन का जीवन स्तर बेहतर होता है। शिलान्यास कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के उपाध्यक्ष राजीव नारंग, महिला जिला भाजपा अध्यक्ष संगीता गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, पार्षद नरेश गाबा, दविंदर कामरा, रंजीत भारद्वाज सहित नगर पालिका सचिव अजीत कुमार एवं अन्य पार्षद और बड़ी संख्या में वार्ड 8 के निवासी उपस्थित रहे। सभी ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।



तरावड़ी। विधायक कबीरपंथी विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए।



इंद्री। जनकल्याण शिविर मे स्टालों का निरीक्षण करते विधायक रामकुमार कश्यप।

### विधायक रामकुमार कश्यप ने जनकल्याण शिविर में विभिन्न विभागों की स्टालों का किया निरीक्षण

**इंद्री।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इंद्री के बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का समापन हो गया। इस समापन समारोह में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान विधायक रामकुमार कश्यप ने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। शिविर के दौरान केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की मुख्य उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। उन्होंने कहा कि जनधन योजना के तहत देश में 58.15 करोड़ खाते खोले गए हैं। लाभार्थियों के खाते में 45 लाख करोड़ की राशि स्थानांतरित की गई है। पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 10.57 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन देकर उन्हें धुएं से मुक्ति दिलाई गई है। विधायक ने जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम किसान निधि, जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराने, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आदि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता, बीडीपीओ गुमलक सिंह, मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र सिंह पंजोखरा, दीपक सैनी, नगरपालिका चेयरमैन राकेश पाल आदि मौजूद रहे।

**न्यूज डायरी**



### गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर लगाई छबील

**करनाल।** श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी पर्व के अवसर पर सुख-दुख दे साथी संस्था की ओर से कुंजपुरा रोड पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी के बीच संस्था के सदस्यों ने राहगीरों को जल सेवा प्रदान कर मानवता का संदेश दिया। संस्था के प्रधान जसवंत सिंह बावा ने कहा कि तपती गर्मी में जल सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। संस्था समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता, कन्याओं के विवाह, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य जांच जैसे अनेक सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय है। कानूनी सलाहकार सुखबीर त्यागी ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी का जीवन त्याग, सहनशीलता, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी समाज को मानवता और प्रेम का संदेश देते हैं। इस अवसर पर राजेश ग्रोवर, भूपिंद्र भाटिया, अशोक माणिक, हरमीत सिंह निर्मल, नवीन संदूजा, सुखराम सिंह बेदी सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



### गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर सजा गुरमत समागम

**करनाल।** श्री गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व डेरा कारसेवा में धार्मिक कार्यक्रमों और गुरमत समागम के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी और डेरा कारसेवा के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में सुबह से गुरुद्वारे में दीवान सजाया गया, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे रागी और कीर्तन जत्थों ने गुरु साहिब की महिमा और उनकी शहादत का बखान किया। इंद्रपाल सिंह ने बताया कि सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तथा शाम साढ़े छह बजे से रात साढ़े दस बजे तक गुरमत समागम आयोजित किया गया। इस दौरान गुरुदित्त सिंह, गुरप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, गुरुसेवक सिंह, बलविंदर सिंह और गुलाब सिंह ने कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। मंजूर सिंह और गुरप्रीत सिंह ने नितनेम व पाठ किया। समागम में जगमोहन आनंद, संकल्प भंडारी, प्रवीण लाठर, गिन्नी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने माथा टेका। इस अवसर पर वरिंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, रतन सिंह, हरमीत हैप्पी, गुरपाल सिंह डोनी, जसविंद्र सिंह डिम्पी सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।



### मुमुक्षा भारती दिव्य ज्योति संस्थान में योग शिविर

**करनाल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की करनाल शाखा में संस्थान के प्रकल्प 'आरोग्य' के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 (365 दिन योग) को समर्पित विशेष योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, जागरूक सोच और वैश्विक शांति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। इसमें बड़ी संख्या में योग साधकों, श्रद्धालुओं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आशुतोष महाराज जी की साध्वी शिष्याओं ने योग, प्राणायाम और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। मुमुक्षा भारती ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि व्यक्ति को स्वयं, समाज और परम चेतना से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाए रखने का प्रभावी उपाय है। शिविर में प्रतिभागियों को अनुलोम-विलोम, नाड़ी शोधन प्राणायाम, ताड़ासन, दंडासन, भुजंगासन सहित विभिन्न योगासन करवाए गए।



### गोकर्ण सेवा संस्था के आठ वर्ष पूरे होने पर मनाया उत्सव

**करनाल।** गोकर्ण गऊ सेवा संस्था का स्थापना दिवस गुरुवार को बजीदा रोड स्थित गौकर्ण गौधाम एवं चिकित्सालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ, रक्तदान शिविर और भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। गायों को भोग लगाने के बाद हजारों श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की गई। श्याम संकीर्तन में प्रियंका मालरा, आशीष स्नेही बंधु, सनी निझावण और हिमांशु शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी। रक्तदान शिविर में संस्था पदाधिकारियों के साथ अनेक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। ुख्य अतिथि जगमोहन आनंद ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए समाज से गौसंरक्षण में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंगला, अमित गुप्ता, राजिंद्र मित्तल, आनंद गुप्ता, आनंद मित्तल, आशीष जैन, अभिषेक वत्स, विनय सिंगला, विकास गर्ग, अनुभव गोयल, मुकेश गुप्ता, अक्षय गोयल, विकास गुप्ता, रविंद्र गोयल, राकेश जिंदल, प्रवीण गोयल, आशीष गुप्ता, अंशुमन रॉय, रिषभ, रोहित, कृष्ण, रजत शर्मा, नरवीर कौशिक व आशीष जेटली सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीण विकास संस्थान में युक्तधारा पर प्रशिक्षण

**नीलोखेड़ी।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में युक्तधारा विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि युक्तधारा ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों की बेहतर योजना, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और पारदर्शी निगरानी में सहायता प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण भू-स्थानिक उपकरण है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से ग्रामीण विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने गुरु अर्जुन देव जी, महाराणा प्रताप और रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान और संघर्षों को भी याद किया। कार्यक्रम समन्वयक कमलदीप सांगवान ने भू-सूचना तंत्र और पंचायत विकास योजनाओं में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। वेदमुनि मिश्रा ने बताया कि वीबीजीआरएमजी योजना के तहत रोजगार के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है।



करनाल। जापान पहुंचने पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# जापान पहुंचा हरियाणा गीता महोत्सव का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 में भाग लेने के लिए हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल वीरवार को जापान पहुंच गया। टोक्यो के हनेडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गीता मनीषी परम पूज्य स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के नेतृत्व में प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल में करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हैं। सभी प्रतिनिधि भारतीय संस्कृति, गीता दर्शन और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर जापान पहुंचे हैं। स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए जीवन जीने की कला का दिव्य मार्गदर्शक है। गीता मनुष्य को कर्तव्य, आत्मविश्वास, सेवा और समरसता का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति और संतुलन की बढ़ती आवश्यकता के बीच गीता का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो गया है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि जापान जैसे तकनीकी रूप से विकसित देश में गीता का संदेश पहुंचना प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का विषय है।

**कार्यक्रमों में दिखेगी संस्कृति की झलक**

19 से 24 जून तक टोक्यो और ओसाका में आयोजित होने वाले महोत्सव में गीता प्रवचन, आध्यात्मिक संवाद, संगोष्ठियां, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। आयोजन का समन्वय कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है।

# मिड-डे मील वर्कर्स ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

- मानदेय बढ़ाने और लंबित मांगें लागू करने की उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

मिड डे मील वर्कर यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर वीरवार को करनाल में प्रदर्शन किया। फव्वारा पार्क में सभा के बाद वर्कर जिला सचिवालय पहुंचे, जहां शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका गया और मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा पहले स्वीकार की गई मांगों को लागू नहीं किया जा रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि चार अगस्त को मुख्यमंत्री के गृह जिले कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय रैली आयोजित की जाएगी और उसी दिन से सीएम आवास पर महापड़ाव शुरू किया जाएगा। इसके बाद 10 अगस्त को पूरे प्रदेश में जेल भरो आंदोलन चलाया जाएगा। यूनियन की जिला प्रधान शिमला, जिला कैशियर ओपी माटा और नन्दी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से मिड डे मील वर्करों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई है। वर्तमान में उन्हें मात्र सात हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता है, जो पर्याप्त नहीं है। कई-कई महीनों तक भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट और बढ़ जाता है। वर्करों ने न्यूनतम 30 हजार रुपये मासिक वेतन, 65 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु, स्थायी रोजगार, 12 माह का मानदेय, वर्दी भत्ता, मृत्यु पर आर्थिक सहायता तथा सेवानिवृत्ति पर दो लाख रुपये देने की मांग की।



करनाल। ज्ञापन सौंपते मिड डे मील वर्कर्स यूनियन के सदस्य।

# इंद्री में दो दुकानों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

- मानदेय बढ़ाने और लंबित मांगें लागू करने की उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंद्री

इंद्री क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार रात को चोरों ने इंद्री में दो दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। इंद्री करनाल रोड पर स्थित महादेव बैटरी हाउस में चोरों ने सेंध लगाकर लाखों रुपये के सामान चोरी कर लिया। दुकान मालिक राजकुमार शर्मा ने इंद्री पुलिस मे दी शिकायत मे बताया कि उनकी दुकान निरंकारी सत्संग भवन के पास स्थित है और सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो दुकान के ताले और शीशा टूटा हुआ मिला। चोर दुकान से 4 नई इन्वर्टर बैटरियां, 6 ट्रैक्टर बैटरियां, 3 मोटरसाइकिल बैटरियां तथा लगभग 2.50 क्विंटल बैटरी स्क्रैप चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 2 से 2.5 लाख रुपये की है। इस मामले मे जांच अधिकारी सुभाष चंद ने बताया कि महादेव बैटरी हाउस में चोरी होने की शिकायत आई थी घटना का मौका मुआयना करने के बाद मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी चैक किए जा रहे हैं।



इंद्री। महादेव बैटरी हाउस मे चोरों द्वारा तोड़े गए दुकान के ताले व शीशा।

**18 लाख रुपये का सामान चोरी होने की शिकायत**

दूसरी चोरी इंद्री के गुड़ा मोड़ के पास कोटिया इलेक्ट्रिशियन एंड इंजीनियरिंग वर्कर्स की दुकान पर चोरों ने ताले तोड़कर करीब 18 लाख रुपए कीमत की मोटरे व तांबे की तारों सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। दुकान मालिक गुरनाम सिंह ने बताया कि बुधवार रात वह अपनी दुकान ठीक-ठाक बंद कर कर गया था गुरुवार सुबह उसके पड़ोसी दुकानदार ने उसे सूचना दी कि उसकी दुकान के ताले टूटे हुए हैं उसने आकर देखा तो दुकान के ताले टूटे हुए थे और अंदर से काफी सामान चोरी हो गया था। उन्होंने बताया कि दुकान से चोर करीब 50 किलो कॉपर की नई तार, 70 किलो कॉपर की पुरानी तार, 11 से 12 बिजली की मोटर है व स्टार का सामान चोरी कर ले गए जिनकी कीमत करीब लगभग 18 लाख रुपए है। जांच अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि इंद्री स्थित गुड़ा मोड़ के पास दुकान से चोरी होने की शिकायत आई थी। मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि दुकानदार की ओर से करीब 18 लाख रुपए की सामान चोरी होने की शिकायत आई है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक गरिमामय और महत्वपूर्ण आयोजन है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि 'योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा' थीम के तहत 16 से 18 जून तक सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क के योग शेड में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम में 102 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। अंतिम दिन विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और आमजन सहित सौ से अधिक लोगों ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। डॉ. अमित पुंज ने योग दर्शन की विभिन्न मानसिक वृत्तियों—प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति—का उल्लेख करते हुए कहा कि नियमित योग साधना व्यक्ति को सकारात्मक जीवन दृष्टि प्रदान करती है और समाज कल्याण में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है।



करनाल। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का निरीक्षण करते उपायुक्त।

**नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया**

वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन रोहिला ने बताया कि कार्यक्रम में पार्षद संजीव मेहता, बेबी पाल और सुदेश रानी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर प्रतिभागियों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने प्रार्थना मंत्र के साथ प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कराया और योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास करवाया। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों को योग जॉगिंग और सूर्य नमस्कार जैसे विशेष अभ्यास करवाए। कार्यक्रम के दौरान 'हरित योग अभियान' के तहत एक पौधा मां के नाम लगाने का संदेश भी दिया गया।

## खबर संक्षेप

### जियो पार्क में साधकों ने किया योग प्रशिक्षण

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति पानीपत द्वारा जियो पार्क सेक्टर 13-17 में एक दिवसीय योग शिविर एवं योग परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा, अविनाश गिरधर राममेहर कौशिक, सुभाष अरोड़ा, अंशुल, कुलभूषण बाली, संदीप, गिरीश, सतीश बुद्धिराजा, सत्यनारायण, रमेश सैनी, शशि सैनी, नीलम, मीनाक्षी, कांता सचदेवा व भूपेंद्र खिलन आदि उपस्थित रहे।

### मिड डे मील वर्कर्स ने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**पानीपत।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू राज्य कमेटी के आह्वान पर जिला में अपनी मांगों को लेकर विरोध स्वरूप शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का जीटी रोड स्थित संविधान चौक पर पुतला दहन करते हुए ऐलान किया कि चार अगस्त को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास कार्यालय का राज्य व्यापी हड़ताल कर घेराव करेंगे। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान निर्मला अहलावत, कविता, जय भगवान, डॉ.सुरेंद्र मलिक, राजपाल आदि ने किया।

### 28 जून को रोड भवन में पिछड़ा वर्ग का सम्मेलन

**पानीपत।** पिछड़ा वर्ग के तत्वावधान में जीटी रोड स्थित रोड भवन में 28 जून को आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वागत समारोह का आयोजन होगा। यह जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नेता रफल सिंह कश्यप दी।

### हरियाणा ग्रामीण चौकीदारों का आंदोलन 21 जून से

**पानीपत।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा ने सभी ग्रामीण चौकीदारों को कुशल श्रेणी के मजदूर का न्यूनतम वेतन, काम के घंटे निर्धारित करने तथा पांच लाख रुपये रिटायरमेंट बेनिफिट सहित लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की घोषणा की है। 21 जून को मतलौडा में पंचायत मंत्री के आवास पर मास डेपुटेशन देकर आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। बैठक में राज्य प्रधान मदन कलरा व महासचिव कलीराम ने बताया कि 20 से 30 जून तक प्रदेशभर के ब्लॉकों में विरोध कार्यक्रम चलाए जाएंगे तथा 5 जुलाई को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर प्रदेशस्तरीय पड़ाव डाला जाएगा।

### एंटी नारकोटिक्स सेल ने नशा तस्कर किया काबू

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सैनी कॉलानी कच्ची फाटक सड़क पर तरूण पुत्र मुकेश निवासी गांधी कॉलोनी माडल टाउन को 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि तरूण पर थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहतकेस दर्ज करवाया गया और उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### धरना, प्रदर्शन व रैलियों पर रोक की निंदा

**समालखा।** एआईयूटीयूसी हरियाणा के प्रदेश सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश ने हरियाणा सरकार द्वारा सितंबर तक धरना, प्रदर्शन और रैलियों पर रोक लगाने के आदेश की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला मेहनतकश जनता, विशेषकर मजदूर -कर्मचारियों के लोकतांत्रिक एवं मौलिक अधिकारों पर हमला है। उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय विरोध की आवाज दबाना तानाशाही कदम है।

### अन्याय विरोधी क्रान्तिकारी संगठन की बैठक हुई

**पानीपत।** अन्याय विरोधी क्रान्तिकारी संगठन की बैठक गीता कालोनी स्थित राकेश गोयल के निवास पर हुई। बैठक में स.बलबीर सिंह, स.हरबेल सिंह मक्कड़, विकास अग्रवाल, सुफी संत नूरवाला, सुरेश नारंग, भारत भूषण आदि उपस्थित रहे।

## डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जिला सचिवालय का औचक निरीक्षण किया

# उपायुक्त ने लेटलतीफ अधिकारियों कर्मचारियों को दी सख्त चेतावनी

**खास बातें**

- अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया
- अधिकारियों की अवकाश स्वीकृति से संबंधित अवकाश पत्र भी जांचे जो उस दिन कार्यालय में उपस्थित नहीं थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला सचिवालय में वीरवार को उस समय प्रशासनिक हलचल तेज हो गई जब उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने विभिन्न विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने जिला सचिवालय स्थित अधिकांश कार्यालयों में पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उपस्थिति रजिस्टरों की जांच की और ड्यूटी समय में अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों को रजिस्टर में अंडरलाइन कर संबंधित विभागाध्यक्षों से जवाब-तलब करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान उन अधिकारियों की अवकाश स्वीकृति से संबंधित अवकाश पत्र भी जांचे जो उस दिन कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति अथवा उचित कारण के कार्यालय से अनुपस्थित रहना किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेताया कि लेट-लतीफी और बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी व कर्मचारी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।



पानीपत। उपायुक्त डॉ हरीश जिला सचिवालय का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। नशे के विरुद्ध शपथ लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# मानव शरीर को खोखला बना देता है नशा : वशिष्ठ

- नशामुक्त भारत के लिए उठे मजबूत कदम, उपायुक्त ने अधिकारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जनजागरण को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नशामुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने गुरुवार को जिला सचिवालय सभागार में विशेष शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाते हुए समाज को नशे से मुक्त बनाने का संकल्प कराया। शपथ में अधिकारियों ने यह प्रण लिया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, मित्रों, समुदाय तथाअन्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक करेंगे।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप कुमार, सीईओ डॉ किरण, नगराधीश टीनू पोसवाल, जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीआरओ कंलब लाकड़ा, डीएसपी सतीश वत्स डीएचओ संदीप आदि उपस्थित रहे।



## गुरू अर्जुन देव को बलिदान दिवस पर छबील लगाकर किया नमन

**इसराना।** खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब द्वारा हाईवे पर सिखों के पांचवे गुरु गुरु अर्जुन देव के शाहदत दिवस पर प्रसाद व मीठे शर्बत की छबील लगाई। छबील का शुभारंभ संत बाबा राजेन्द्र सिंह खालसा ने किया। उन्होंने बताया कि औरंगजेब ने गुरु अर्जुन देव को तपते तवी पर बैठा कर गर्म रेत डाल दी थी। आज के दिन पांचवें गुरु अर्जुन देव चोला छोड़ गए थे। उनकी शाहदत दिवस पर हर साल प्रसाद व शर्बत की छबील लगाई जाती है। इस दौरान हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को रोक कर प्रसाद व शर्बत बांटा गया। छबील का संचालन स.सुखप्रीत सिंह ने किया। इस दौरान सेवादार सुखप्रीत सिंह, अमनप्रीत सिंह, गुरचरण सिंह, गुरमुख सिंह व मेजर सिंह शामिल रहे।

## एसडी पीजी कॉलेज के दो एनसीसी कैडेट्स का थल सेना में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज का नाम एक बार फिर गर्व से ऊंचा हुआ है। एनसीसी-12, हरियाणा बटालियन से सम्बद्ध कॉलेज की एनसीसी यूनिट्स के दो पुरुष कैडेट्स बीए तृतीय वर्ष के अभिषेक व बीए द्वितीय वर्ष के विवेक का थल सेना में चयन हुआ है।

अभिषेक अग्निवीर सैनिक व विवेक क्लर्क पद पर नियुक्त हुए है। वहीं, कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर अभिषेक व विवेक का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. बलजिंदर सिंह, प्रो प्रवीन आर खेरडे, डॉ दीपिका अरोड़ा, प्रो मनोज कुमार और अन्य प्राध्यापकों ने किया। वहीं, डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि एनसीसी ने कैडेट्स को हमेशा हमें अनुशासन, नेतृत्व और देशसेवा का असली मतलब सिखाया है। सुबह-सुबह की परेड, कैंप और ट्रेनिंग बेशक मुश्किल है परन्तु इसका फल हमेशा मीठा होता है। वही, विवेक व अभिषेक ने अपने सपने को सच कर दूसरों के लिए मिसाल पेश की है।



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा सेना में चयनित विवेक व अभिषेक को मिठाई खिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

## कूरियर कंपनी के भवन में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र शिव नगर में शमशान घाट रोड स्थित कूरियर कंपनी में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में भयंकर आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते कंपनी के भीतर रखा लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। वहीं, आग की लपटे उठाती देख पडोसी फैक्ट्री मालिक सियाराम ने अपना फायर सिस्टम, कूरियर कंपनी में लगी आग को बुझाने के लिए दे दिया।

वहीं, सियाराम ने अपनी फैक्ट्री के कर्मचारियों को भी रेस्क्यू में लगा दिया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर दमकल मौके पर पहुंची और आग को काबू किया। वहीं, दमकल की जांच में पता चला है कि कूरियर कंपनी के परिसर में मरम्मत और वेल्डिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान वेल्डिंग मशीन से अचानक एक जोरदार चिंगारी उठी और पास में पड़े ज्वलनशील व कूरियर के सामान पर जा गिरी। कूरियर कंपनी होने के कारण वहां भारी मात्रा में गत्ते के डिब्बे, प्लास्टिक और अन्य सामान रखा था, जिसने पल भर में आग पकड़ ली। दूसरी ओर, दमकल के अधिकारी आग लगने के कारणों व हुए नुकसान का आकंलन कर रहे है।



पानीपत। कूरियर कंपनी के भवन उठता धुआं।



### आर्य कॉलेज कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव व इंटर्नशिप फेयर आयोजित

**पानीपत।** आर्य पी.जी. कॉलेज में करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव एवं इंटर्नशिप फेयर का सफल आयोजन एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रियता के साथ भाग लिया तथा आयोजन को अभूतपूर्व सफलता मिली। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) जगदीश गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित एचआर प्रोफेशनल्स एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. (डॉ.) गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव एवं इंटर्नशिप फेयर विद्यार्थियों के करियर निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं एवं कार्य संस्कृति को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है, जिससे उनके कौशल, आत्मविश्वास एवं पेशेवर दक्षता में वृद्धि होती है।

### वकील पर फायरिंग

**पानीपत।** पानीपत में पुलिस लाइन के पास मोहाली निवासी व पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले एडवोकेट एमडी खान से कार सवार दो बदमाशों से दस लाख रूपये लुटने की चेष्टा की। आरोपियों ने खान की कार को जबरन रूकवाने की चेष्टा की और फायरिंग की। इधर, खान ने बताया कि वे 17 जून को चंडीगढ़ से हथीन जा रहे थे। इधर, खान की शिकायत पर समालखा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सांसद बराला ने किया 'पुरखे पत्रकार' का विमोचन

**पानीपत।** हरियाणा की पत्रकारिता के शुरुआती दौर और उसके अग्रदूतों के योगदान को सामने लाने वाली पुस्तक 'पुरखे पत्रकार' का विमोचन राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने किया। यह पुस्तक वरिष्ठ पत्रकार एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर रणदीप घनगस द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में हरियाणा के प्रारंभिक पत्रकारों के जीवन, संघर्ष, कार्यशैली और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। लेखक ने उन पत्रकारों की भूमिका को रेखांकित करने का प्रयास किया है, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद समाज और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, सांसद सुभाष बराला ने रणदीप घनगस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का संकलन नहीं, बल्कि समाज के इतिहास और विचारों को संरक्षित करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि 'पुरखे पत्रकार' जैसी पुस्तकें पत्रकारिता के इतिहास का एक महत्वपूर्ण झरोखा खोलती हैं। बराला ने कहा कि ऐसे शोधपरक कार्य पत्रकारिता के क्षेत्र में दस्तावेजीकरण की कमी को दूर करने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक पत्रकारिता के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं तथा मीडिया जगत से जुड़े लोगों के लिए उपयोगी होगी। लेखक रणदीप घनगस ने कहा कि पुस्तक लिखने का उद्देश्य हरियाणा की पत्रकारिता की उस विरासत को सामने लाना है, जिसके बारे में आज की पीढ़ी अपेक्षाकृत कम जानकारी रखती है।



पानीपत। सांसद सुभाष बराला पुरखे पत्रकार का विमोचन करते हुए।



पानीपत। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सदस्य रानी लक्ष्मीबाई को नमन करते हुए।

### रानी लक्ष्मीबाई को बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** पानीपत के विकास नगर में बलिदानी वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के 169 वें बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा जिला पानीपत के अध्यक्ष राजवीर शर्मा, कर्नल एसके ओबेरॉय, नायब सूबेदार राम मेहर ने बलिदानी वीरांगना लक्ष्मीबाई की वीरगाथा सुनाई। उन्होंने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई महिला जाति के लिए एक उदाहरण है महिला चाहे तो कोई भी मुकाम हासिल कर सकती है। वीरांगना गीता देवी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला पानीपत के समरसता विभाग के सत्यवान, कैप्टन जय भगवान शर्मा, एडवोकेट देवेंद्र, नायब सूबेदार जय भगवान, हवलदार महेंद्र सिंह, पेटी ऑफिसर सूबे, नायब सूबेदार राव सिंह, सूबेदार श्यामलाल समेत बडी संख्या में पूर्व सैन्य अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### गुरु अर्जुन देव शहीदी दिवस सुखमणी साहिब का पाठ

**पानीपत।** यमुना एक्लेव स्थित गुरूद्वारा श्री गुरुनानक देव सिंह सभा में धन धन साहिब गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस पर श्री सुखमणी साहिब जी का पाठ व शब्द कीर्तन का आयोजन हुआ। वहीं, लंगर व मीठे पानी कमी छबील का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वीके बत्रा, स.सतनात सिंह चीमा, जसबीर सिंह बैंस, रणजीत सिंह चावला, हरजीत सिंह चावला, जितेन्द्र नारंग व नितिन खुराना आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं

**पानीपत।** विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत मतदाता सूचियों को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेताया यदि कोई बीएलओ अपनी ड्यूटी के प्रति लापरवाह पाया गया उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नीट री-एग्जाम को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**पानीपत।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित होने वाली नीट पुनर्परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में वीरवार को हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक एवं राज्य नीट नोडल अधिकारी एस. नारायण ने पानीपत प्रशासन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इधर, बैठक के उपरांत एडीसी अंकित चौकसे ने बताया कि जिला प्रशासन नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।

### समाधान शिविर में डीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं

**पानीपत।** जिला सचिवालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में पुलिस, बिजली, खाद्य एवं आपूर्ति, पेंशन विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 14 शिकायतें दर्ज की गईं। बैठक में एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप, सीईओ डॉ. किरण, सीटीएम टीनू पोसवाल आदि उपास्थित रहे।

### राजकीय पॉलिटेक्निक में रोजगारपरक पाठ्यक्रम प्रारंभ

**पानीपत।** युवाओं को रोजगारोन्मुख एवं कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महर्षि कश्यप राजकीय पॉलिटेक्निक, जाटल, पानीपत ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से दो नए डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए हैं। इनमें डिप्लोमा इन एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग तथा डिप्लोमा इन एपैरल डिजाइन एवं फैशन टेक्नोलॉजी शामिल हैं।

### राहगीरी, वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान पर दी जानकारी

**पानीपत।** ग्रीन पानीपत मिशन, राहगीरी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त उपायुक्त पानीपत डॉ. हरिश वशिष्ठ से शिष्टाचार भेंट की। चर्चा के दौरान राहगीरी, वृक्षारोपण अभियान, प्रदूषण नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता अभियान तथा शहर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. हरिश वशिष्ठ ने पानीपत को अधिक स्वच्छ, हरित और व्यवस्थित शहर बनाने के लिए अपनी प्राथमिकताओं एवं भावी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर जिला समन्यवक संदीप जिंदल एडवोकेट हरिओम तायल, डॉ. हेमा रमन, विवेक कत्याल, सुमित मित्तल, सीए जगदीश धमीजा, तुषार चावला, मनोज सिंगला नादे वाले, सुरेश काबरा, दिनेश बंसल, काकू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### अवैध हथियारों की खेप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने अमन पुत्र राजकुमार निवासी गांव भंडारी जिला पानीपत को देसी पिस्टल व इसकी मैग्जीन से छह जिंदा कारतूस बरामद किए है। वहीं, जलालपुर रोड से पानीपत के गांव भाऊपुर निवासी राजदीप पुत्र रणधीर को देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी से बरामद देसी पिस्टल की मैग्जीन से चार जिंदा कारतूस बरामद किए है। इधर, एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि आरोपियों पर थाना सनौली खुर्द में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है, रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से असला सप्लायर के ठीकानों का पता कर उन्हें पकडने का प्रयास करेगी।

## समालखा ने भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

# आमजन को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में व्यापक स्तर पर 'महा स्वच्छता अभियान' चलाया गया।इस विशेष अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और लोगों को सफाई के लिए प्रेरित करना था।विशेष अभियान में मंडल समालखा द्वारा गोवंश के लिए गऊशाला में सफाई अभियान चलाया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल की। इस मौके पर मुख्य वक्ता ज्योति शर्मा चेयर पर्सन, कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर जगबीर आर्य युवा जिला मोर्चा अध्यक्ष, अमित पंडित जिला किसान मोर्चा, अध्यक्ष सुभाष कुहाड़ मंडल किसान मोर्चा, अध्यक्ष संदीप गहल्यान, विधायक प्रतिनिधि जसराज भट्टी, मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा, रॉकी वर्मा, सुशील जिंदल, राधेश्याम जिंदल, जय भगवान, बलवीर महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष, शीतल नेगी, अशोक रोहिल्ला, हरीश महिंद्रा आदि उपस्थित रहे।



समालखा। स्वच्छता अभियान चलाते हुए भाजपाई। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### शिविर में नगराधीश ने सुनी आमजन की शिकायतें

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पंहुचे प्रत्येक प्रार्थियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उदेश्य से समाधान शिविर शुरू किए गए हैं।

### किसान आईडी में पात्र करवाएं अपना पंजीकरण

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. जसविन्द्र सैनी ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसान आईडी बनाई जा रही है जिससे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की सभी स्कीमों का लाभ एक ही आईडी से मिलेगा। किसानों को एग्री स्टैक योजना के तहत यूनिक आईडी दी जाएगी। इस यूनिक आईडी से किसान एक क्लिक से अपने जमीन के ब्यौरे को देख पाएंगें। इसलिए अधिक से अधिक किसान अपना पंजीकरण करवाएं।

### स्वच्छता अभियान के लोगों को किया जागरूक

**अंबाला।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीईओ जिला परिषद् गगनदीप के मार्गदर्शन में गांव में भी स्वच्छता अभियान बारे ग्रामीणों व अन्य को जागरूक करने का काम किया जा रहा हैं। सीईओ ने बताया कि 7 से 20 जून 2026 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता, स्वच्छता के प्रति जागरुक करने का काम चल रहा है।

### 4 अलग- अलग मामलों में 70 बोतल शराब बरामद

**अंबाला।** 'ऑपरेशन मैदान नशा मुक्त अभियान' के तहत पुलिस ने चार अलग-अलग मामलों में कुल 70 बोतल शराब बरामद की है। पुलिस ने संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना सदर में हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 27 बोतल शराब बरामद की। पुलिस ने गांव बाड़ा में आरोपी नक्षत्र सिंह को काबू किया। पुलिस ने दूसरी रेड गांव धुराला में की। यहां के रहने वाले आरोपी रूपचंद को दबोचकर उसके पास से 24 बोतल शराब बरामद की। इसी तरह मुलाना से आरोपी राजेश कुमार से 11 बोतल तथा थाना नग्गल क्षेत्र से आरोपी महेंद्र सिंह को 8 बोतल सहित गिरफ्तार किया।

### विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा

**अलेवा।** आयुष विभाग, खंड प्रशासन व खेल विभाग के द्वारा अलेवा के अनाज मंडी में 21 जून को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिसमें 19 जून को पायलट रिहर्सल होगी। जानकारी देते हुए योग सहायिका नीलम ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व आमजन के अलावा सभी स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेगें।

# चार साल प्रतिबंधित फिर भी हिम्मत नहीं हारी, अब ग्लासगो में ताकत दिखाएंगी मनप्रीत

- शॉटपुटर मनप्रीत का कॉमनवेल्थ गेम्स में हुआ चयन, नेशनल गेम्स में 14 गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी हैं मनप्रीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला



शॉटपुटर मनप्रीत कौर फिर कॉमनवेल्थ गेम्स में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगी। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित होने वाली 23वीं कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए उनका इंडियन ऐथलेटिक टीम में चयन हुआ है। मनप्रीत इससे पहले भी दो बार कॉमनवेल्थ गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। यहां के जसमीत नगर की रहने वाली मनप्रीत शादी के बाद भी दो बार नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। मनप्रीत ने बताया कि शॉटपुट गेम्स में हरियाणा से 2016 में हुए रियो ओलंपिक व दो बार कॉमनवेल्थ गेम्स में जाने वाली वह पहली महिला खिलाड़ी हैं। हालांकि दोनों बार वह पदक से चूक गईं। एक बार फिर उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स में जाने का मौका मिला है। ऐसे में पदक हासिल करने पर ही फोकस रहेगा। उन्होंने बताया कि 2015 में पहला नेशनल रिकॉर्ड 17.96 मीटर के स्कोर से बनाया था। एक बार फिर 2022 में आकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 18.06 मीटर का नया स्कोर बनाया था। मनप्रीत ने बताया कि वह पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में अपनी बुआ के पास रहती थीं। दोनों भाई मंजीत व जगजीत सिंह व भाभी बिम्मी तीनों खेलों में रुचि रखते थे। उनसे प्रेरित होकर शॉटपुट खेलना शुरू किया था। उनकी शादी 2008 में जसमीत नगर के कर्मजीत के साथ हुई थी। वे खुद भी शॉटपुट के नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट हैं। शादी के बाद पति ही मेरे कोच हैं। मनप्रीत ने बताया कि खेल कोर्ट से ही 2007 में वह रेलवे में चीफ ओएस भर्ती हुईं थी। पति भी रेलवे में सीटीआई हैं। मौजूदा समय में दोनों पटियाला स्टेशन पर तैनात हैं। मनप्रीत अभी पटियाला एनआईएस में ट्रेनिंग कर रही हैं।

**उपलब्धियां**

- 23वीं कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए उनका इंडियन ऐथलेटिक टीम में चयन हुआ
- इससे पहले भी दो बार कॉमनवेल्थ गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं

**2017 डोप टेस्ट में फेल होने पर लगा था प्रतिबंध**

2017 में डोप टेस्ट में फेल होने के बाद मनप्रीत पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी। मनप्रीत ने 2006 में पहला सीनियर नेशनल पदक हासिल किया था। 2008 में शादी के बाद एक बेटी की मां बनने के बावजूद वह दो बार नेशनल रिकॉर्ड होल्डर रही उन्होंने 2022 में अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 18.06 मीटर का नया बनाया था। पिछले 20 साल में मनप्रीत 14 बार नेशनल में स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी हैं।

## मुलाना व कलालटी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, झुग्गियों की ली गई तलाशी

# डेहा बस्ती में पुलिस का बड़ा सर्च ऑपरेशन, नशा तस्करों में मचा हड़कंप

इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने बस्ती की झुग्गियों को खाली करवाकर एक-एक स्थान की गहन तलाशी ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा



बराड़ा। सर्च अभियान चलाते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि



बराड़ा। सर्च अभियान के दौरान पूछताछ करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

नशा तस्करी और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने तड़के बड़ा अभियान चलाया। मुलाना थाना और कलालटी चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने धनौरा गांव स्थित डेहा बस्ती में सघन छापेमारी करते हुए व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों में खौफ का माहौल देखने को मिला। थाना प्रभारी प्रमोद राणा और चौकी प्रभारी विश्वबंधु के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने बस्ती की झुग्गियों को खाली करवाकर एक-एक स्थान की गहन तलाशी ली। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जांच करते हुए उनके बारे में आवश्यक जानकारी भी जुटाई गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आईजी अंबाला रेंज और पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर /"ऑपरेशन मैदान-2/" के तहत की गई। पुलिस का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करों और अपराधियों पर शिकंजा कसना है। अधिकारियों का कहना है कि डेहा बस्ती सहित कई संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां आगे भी इसी प्रकार के विशेष अभियान चलाए जाएंगे। लंबे समय से क्षेत्र में चोरी, नशा तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रांसफार्मरों से तार चोरी जैसी घटनाओं के पीछे भी असामाजिक तत्वों का हाथ रहा है। हालांकि पुलिस ने इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने कहा कि नशा तस्करी और अपराध के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार जारी रहेगी। किसी भी व्यक्ति को कानून व्यवस्था बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई भी व्यक्ति अवैध गतिविधियों में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के सर्च अभियान न केवल अपराधियों पर अंकुश लगाने में मददगार साबित होंगे, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत करेंगे। डेहा बस्ती में हुई इस कार्रवाई को स्थानीय लोगों ने भी सराहा है और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षित माहौल बनाए रखने की उम्मीद जताई है। पुलिस की इस सक्रियता को अपराध और नशे के नेटवर्क के खिलाफ एक बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विद्यार्थियों ने रंगों में उकेरा



अंबाला। पोस्टरों को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी।

- जिले के 11 विद्यालयों के 37 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभमि न्यूज ▸▸ अंबाला

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलदेव नगर में जिला शिक्षा विभाग द्वारा ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग एवं वीडियो रिकॉर्डिंग प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय दहिया तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर के दिशा-निर्देशों एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 11 विद्यालयों के 37 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने 'नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति', 'शिक्षा का अमृतकाल', 'युवा शक्ति-विकसित भारत की शक्ति', 'डिजिटल भारत' तथा 'विकसित हरियाणा' जैसे समसामयिक एवं प्रेरणादायी विषयों पर अपनी कलात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर और चित्र दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है। वहीं आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा दीजा रही है। आज विद्यालयों में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब्स के माध्यम से विद्यार्थी आधुनिक तकनीकों, रोबोटिक्स का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# सर्वे के दौरान बीएलओ नहीं मांगेंगे ओटीपी, बैंक खाते या पैन कार्ड संबंधित जानकारी

- 14 जुलाई तक घर-घर जाकर वितरित किए जाएगे गणना प्रपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शहजादपुर



शहजादपुर। एसआईआर के दौरान मतदाताओं से बातचीत करती बीएलओ।

मुख्य चुनाव अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकार घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि सभी बीएलओ जब भी एसआईआर अभियान के अंतर्गत डोर-टू-डोर जाएं तो वे अपना अधिकृत पहचान पत्र (आई-कार्ड) गले में धारण करके जाएं ताकि नागरिक उनकी पहचान आसानी से कर सकें।

### ट्रांसपोर्टरों को ठग रहा है महाराष्ट्र का गिरोह

**अंबाला।** यहां के ट्रांसपोर्टर महाराष्ट्र के एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का शिकार हो रहे हैं। यह गिरोह महाराष्ट्र में ऋण वाले ट्रकों को फर्जी रसीदों के जरिये ऋणमुक्त दिखाकर कई ट्रांसपोर्टरों को लाखों का चूना लगा चुके हैं। ठगी का ताजा मामला अंबाला शहर के नंद विहार के ट्रांसपोर्टर का है। उसे 21 लाख रुपये का चूना लगा है। बलदेव नगर थाना पुलिस ने देवी दयाल की शिकायत पर जडौत रोड के दलाल विजय सहित शमशेर, जहीर, शमशेर, अजहर यूनूस मनिहार, मुस्तकिन अयूब मनिहार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ट्रक पर निकला 34 लाख का लोन कपिल ट्रक सेल्स के मालिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें ट्रांसपोर्ट के काम के लिए एक ट्रक खरीदना था। दलाल विजय ने उन्हें विश्वास में लेकर मालेगांव ले जाकर एक ट्रक दिखाया। आरोपियों ने दावा किया कि गाड़ी ऋण-मुक्त है। फर्जी बैंक रसीदें व एनओसी दिखाई। आरोपियों के झांसे में आकर 11 मई 2026 को अजहर यूनूस के खाते में

# योग से लोगों को मानसिक शांति एवं आत्मिक ऊर्जा का होता अनुभवः शैली

- ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र की ओर से किया गया योग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में योग करते बीके भाई व बहनें। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में एक भव्य संयुक्त योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. समिधा शर्मा ने स्वस्थ एवं सक्रिय दीर्घायु के लिए आयुर्वेद एवं योग आधारित सुझाव सांझा किए। निर्देशिका आशा दीदी ने सभी को आध्यात्मिक जीवन एवं सकारात्मक सोच का संदेश दिया। राजयोगिनी बीके शैली दीदी ने कहा कि योग से लोगों को मानसिक शांति एवं आत्मिक ऊर्जा का अनुभव होता है। रोटेरियन नरेश भारद्वाज ने कहा कि योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया। रोटरी क्लब अंबाला छावनी के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. विवेक मल्होत्रा ने योग दिवस की शुभकामनाएं दी।

### एक पेड मां के नामः मॉडल संस्कृति विद्यालय में हुआ पौधारोपण

**बराड़ा।** शिक्षा विभाग की पहल पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वीरवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू बाला ने किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के इको क्लब प्रभारी कुलदीप सिंह की विशेष भूमिका रही। उन्होंने इको क्लब की ओर से विद्यालय को विभिन्न प्रकार के पौधे भेंट किए और उनके पर्यावरणीय तथा औषधीय महत्व के बारे में जानकारी दी।



### सियोन इंडिया कंपनी से चोरी हो रहे थे इलेट्रिकल व्हीकल पुर्जे, वेल्डर काबू

**अंबाला।** दीनारपुर गांव स्थित सियोन इंडिया इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी में चोरी का खुलासा हो गया है। कंपनी में काम करने वाले एक वर्कर ने ही अपने ही मालिक का लाखों का सामान चोरी कर लिया। कंपनी प्रबंधक सुनील कुमार की शिकायत पर पुलिस ने दीनारपुर के साहिल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कंपनी की देखरेख करने वाले सुनील कुमार ने बताया कि उनके भाई अनिल गोयल की दीनारपुर मेन हाईवे पर इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने की कंपनी है जिसमें करीब 40 वर्कर काम करते हैं। साहिल पिछले 6 महीने से उनकी कंपनी में वेल्डर का काम कर रहा था। साहिल ने पहले भी छोटा-मोटा हार्डवेयर का सामान चोरी किया था। तब उसे माफ कर दिया गया था।



### लाल कुर्ती बाजार में बिना पहचान पत्र रुम देने पर होटल मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** अंबाला छावनी के लाल कुर्ती बाजार स्थित एक होटल में आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाने के आरोप में मैनेजर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। मैनेजर ने बिना कोई पहचान पत्र लिए और बिना रजिस्टर में एंट्री किए एक युवक को कमरा दे दिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने होटल में छापेमारी की। दरअसल पड़ाव थाने के अंतर्गत आने वाली लाल कुर्ती पुलिस चौकी के एएसआई कृष्ण लाल अपनी टीम के साथ अंबाला छावनी बस अड्डे के पास गश्त पर तैनात थे। इसी दौरान पुलिस को एक मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि लाल कुर्ती बाजार के 'होटल रोज' में मैनेजर बिना किसी आईडी प्रूफ के और बिना रिकॉर्ड दर्ज किए ग्राहकों को कमरे किराए पर दे रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### एचएसवीपी की जमीन पर कब्जे के आरोप में किसान पर केस दर्ज

**अंबाला।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की अधिग्रहित जमीन पर अवैध कब्जा करने और खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई संपदा अधिकारी की शिकायत पर अंबाला शहर के सेक्टर-9 थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत की है। प्राधिकरण के संपदा अधिकारी ने पुलिस को भेजे पत्र में बताया कि सेक्टर-26, गांव कांवला में एक नियमित सर्वेक्षण किया गया था। इस दौरान पता चला कि गांव कांवला के दविंद्र सिंह उर्फ शैंकी ने एचएसवीपी की उस जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसे सेक्टर-26 के विकास के लिए अधिग्रहित किया गया था।

## सात दिवसीय भागवत कथा में धर्म, भक्ति व सत्कर्मों का दिया संदेश

# भौतिक सुखों के बजाय भक्ति मार्ग अपनाएंः अनुभवानंद

श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला



अंबाला। कथावाचक डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरी महाराज।

अंबाला शहर के समस्त राधे-राधे परिवार द्वारा मथुरा नगरी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा व्यास परम पूज्य डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरी महाराज ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न गूढ़ रहस्यों एवं आध्यात्मिक प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सत्कर्मों का संदेश दिया। कथा के दौरान स्वामी ने सर्वप्रथम राजा परीक्षित के जन्म की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध के उपरांत जब अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे बालक पर संकट आया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं उसकी रक्षा की। यही बालक आगे चलकर राजा परीक्षित के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और उनकी कृपा से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। इसके उपरांत उन्होंने सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए बताया कि संपूर्ण जगत भगवान की दिव्य शक्ति का विस्तार है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। सृष्टि की रचना, पालन और संहार का संचालन परमात्मा की इच्छा से होता है और प्रत्येक जीव उसी परम सत्ता का अंश है। कथा के अगले चरण में स्वामी ने कपिलोपाख्यान का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान कपिल ने अपनी माता देवहूति को सांख्य योग का उपदेश देकर आत्मज्ञान और मोक्ष का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को भौतिक सुखों में आसक्त होने के बजाय आत्मचिंतन, सत्संग और भगवान की भक्ति को अपनाना चाहिए। यही जीवन को सफल बनाने का सर्वोत्तम साधन है। ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए गिरि महाराज ने कहा कि बालक ध्रुव ने कठिन तपस्या और अटूट श्रद्धा के बल पर भगवान विष्णु के दर्शन प्राप्त किए थे। उन्होंने बताया कि दृढ़ संकल्प, धैर्य और भगवान के प्रति समर्पण से कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कथा के दौरान संगीतज्ञों ने धार्मिक भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।